# University in News on 22 April 2024

NBT PAGE 4

## LU के तीन स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

■ एनबीटी सं. लखनऊः एलयू के तीन स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। सेंन्ट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. मधुरिमा लाल ने वताया कि स्टूडेंट अक्षत राय को एचसीएल समेत चार कंपनियों से नौकरी का ऑफर मिला है। छात्र मोहित द्विवेदी को वजाज एजायंज समेत दो कंपनियों ने नौकरी का ऑफर दिया है। वहीं छात्र रचित वाजपाई को एक निजी वैंक ने ऑफर दिया है। चयनितों को 3 से 5 लाख रुपये के वीच सालाना पैकेज दिया गया है। निदेशक का दावा है कि सीपीसी की मदद से इस सत्र में दो हजार से अधिक स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग और जॉव ऑफर मिल चुके हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

## एलयू: सम सेमेस्टर परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी

**तैयारी**

**22** कॉलेजों को नोडल केन्द्र बनाया गया

- वेबसाइट पर जारी की गई परीक्षा केन्द्र की सूची
- स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा 30 से शुरू होंगी

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू होनी है।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रस्तावित केन्द्र की सूची अपलोड कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों की सूची के सम्बंध में यदि कोई सुझाव हो तो 23 अप्रैल तक परीक्षा विभाग की मेल आईडी पर उपलब्ध कराएं।

सम सेमेस्टर परीक्षा के लिए 22 नोडल परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। नोडल परीक्षा केन्द्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय समेत हरदोई में सीएसएन पीजी कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय पिहानी हरदोई, डा. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अल्लीपुर, एससी बोस महाविद्यालय, दिव्यानन्द विद्यामंदिर महाविद्यालय को बनाया गया है। इसके साथ ही लखीमपुर खीरी में वाईडी पीजी कॉलेज, सीजीएन पीजी कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय पलियान, स्मृति महाविद्यालय प्रीतमपुरा, मोहम्मदी महाविद्यालय, रायबरेली में फिरोज गांधी कॉलेज, सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कॉलेज, डा. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, दयानन्द बछरावां कॉलेज, बैसवारा डिग्री कॉलेज, कमला नेहरू पीजी कॉलेज, सीतापुर में सीतापुर शिक्षा संस्थान, डीडीयू गर्वमेंट पीजी कॉलेज, श्री गांधी डिग्री कॉलेज, एफएए राजकीय डिग्री कॉलेज एवं कृष्णपाल सिंह महाविद्यालय को नोडल परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### हाथ से लिखे प्रोजेक्ट भी स्वीकार करे विश्वविद्यालय

लुआक्टा ने कुलपति को पत्र लिखकर छठे सेमेस्टर के मेजर 1 के छात्र-छात्राओं लिए टाइप साठ पृष्ठों सीमा कम करने की मांग की है। लुआक्टा अध्यक्ष डा. मनोज पाण्डेय ने मांग की है कि 60 पृष्ठों की जगह संख्या की सीमा निर्धारित न की जाए साथ ही हस्तलिखि कॉपी भी स्वीकार की जाए। डा. मनोज पाण्डेय ने कहा कि परीक्षा तिथि घोषित करने के एक दिन बाद परीक्षा नियंत्रक मेजर 1 विषय के लिए टाइप 60 पेज हार्ड और साफ्ट कापी में प्रोजेक्ट जमा करने के निर्देश दिए हैं। जबकि परीक्षा में कम समय बाकी है और विश्वविद्यालय की सीमा में पांच जिले आते हैं। जिनमें गरीब बच्चे भी पढ़ते हैं। 30 अप्रैल से परीक्षा शुरू हो रही है। इस वक्त छात्र परीक्षा की तैयारी में व्यस्त हैं। ऐसे में साठ पेज टाइप करने में काफी समय की खराब होगा। साथ ही गरीब बच्चे पर पेज टाइप कराने से अतिरिक्त भार भी बढ़ेगा।

## एलयू के छात्रों को नौकरी के ऑफर

लखनऊ। एलयू के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से छात्रों को नौकरी के कई विकल्प मिल रहे हैं। डा. मधुरिमा लाल ने बताया कि इस सत्र में 100 से अधिक प्लेसमेंट ड्राइव हुई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों का चयन हुआ। इसी में से तीन छात्रों का चयन दो या दो अधिक कम्पनी हुआ। छात्र अक्षत राय, मोहित द्विवेदी और रचित बाजपेयी को 4.5 लाख के पैकेज पर ईएसएफ बैंक, प्लानेंट स्पार्क, एचसीएल, हर्ष टेक्नोलॉजी, बजाज एलायंस जैसी कम्पनी में नौकरी ऑफर हुई है। डा. मधुरिमा ने बताया कि इस सत्र में दो हजार से अधिक छात्रों को नौकरी मिली।

JAGRAN CITY PAGE III

## 246 केंद्रों पर होगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार देर रात स्नातक सम सेमेस्टर



परीक्षाओं के लिए केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी। परीक्षाओं के लिए लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी मिलाकर पांच जिलों में 246 केंद्र और 22 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड की गई है। इन केंद्रों के संबंध में 23 अप्रैल को शाम पांच बजे तक ई-मेल coe@lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सएप नंबर 7991200506 पर सुझाव भेजे जा सकते हैं। गौरतलब है कि स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 अप्रैल से शुरू होंगी। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

## साइबर अपराध के तरीकों पर शोध करेगा लविवि

### विधि संकाय के अध्ययन में अर्थव्यवस्था पर बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए विषय पर दिया जाएगा जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि संकाय साइबर अपराध से जुड़े कानूनों को विस्तार देने जा रहा है। नए अपडेट का लाभ नए सत्र से जुड़े छात्र उठा सकेंगे। विभाग के प्रवक्ता का मानना है कि बढ़ते साइबर अटैक से अर्थव्यवस्था पर हो रहे खतरे को ध्यान में रखते विषय को विस्तार दिया जाना आवश्यक हो गया है।



▸▸ **अध्ययन में साइबर थानों की केस डायरी को भी किया जाएगा शामिल**

लखनऊ विश्वविद्यालय विधि विभाग के प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने बताया कि विवि में साइबर कानून से संबंधित अध्ययन पहले से कराया जा रहा है। अब नए सत्र में इस अध्ययन को विस्तार देने के साथ साइबर अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों को जल्द और सख्त सजा दिलाने के लिए शोध भी किए जाएंगे। साइबर थानों की केस डायरी से साइबर अपराधियों के अत्याधुनिक तरीके से अपराध करने का अध्ययन भी किया जाएगा। इसी के आधार पर उन पर शिकंजा कसने के लिए नए कानून पर शोध होगा। प्रोफेसर बंशीधर ने कहा कि साइबर अपराधी अपराध करने के तरीके बदल रहे हैं। इसलिए जरूरी हो गया है कि अध्ययन कर पुराने कानून को विस्तार दिया जाए। उन्होंने कहा कि विवि में मई माह में परीक्षाएं हो जाएंगी। इसके बाद नए सत्र में नई व्यवस्था में अध्ययन कराया जाएगा।

**इनका लिया जाएगा सहारा:** प्रोफेसर बंशीधर सिंह कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के साइबर थानों की केस डायरियों का सहारा लिया जाएगा। इसमें साइबर अपराध किस तरीके से किए गए और अपराधी ने कौन से नए तरीके इस्तेमाल किए इनका अध्ययन पाठ्यक्रमों के साथ शोध और चर्चा में शामिल किया जाएगा। लखनऊ और आसपास के थानों से जांच को तथ्यपरक जोड़ा जाएगा, फिर व्यवस्थाओं को बिन्दुवार करते हुए चर्चाएं, शोधन और परामर्श साझा होंगे।

**एक्सक्लूसिव**

**इन विषयों को किया जाएगा शामिल**

विधि संकाय के नए अध्ययन में अर्थव्यवस्था से जुड़े साइबर अपराधों, बौद्धिक संपदा अधिकार, मानवाधिकार, पर्यावरण, निजी अंतरराष्ट्रीय कानून और भाषा से संबंधित अपराधों पर को भी शामिल किया गया है।

**प्रशिक्षण मॉड्यूल भी होगा तैयार**

पर्यावरणीय न्यायशास्त्र, जैविक विविधता के खतरे, पारिस्थितिक असंतुलन, विकास की तुलना में सतत विकास और पर्यावरण की सुरक्षा के विशेष संदर्भों पर अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसी के साथ सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण महिला श्रमिकों को मातृत्व लाभ, आरटीआई, जनहित गारंटी, निर्धनों को कानूनी सहायता के लिए लोक अदालतों के कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपचार पर प्रशिक्षण मॉड्यूल भी तैयार किया जाएगा।

## लविवि में परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**खबर का असर**

▸▸ **कुलपति ने लिया संज्ञान, छात्रों को मिली राहत**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म भरने की तिथि को विस्तार मिला है। अमृत विचार की ओर से प्रकाशित छात्रों से जुड़ी समस्या को कुलपति ने संज्ञान लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया है।

बता दें कि बीते सप्ताह परीक्षा फार्म भरने की तिथि समाप्त हो गई थी। ऐसे में विवि के सात सैकड़ा से अधिक छात्र परीक्षा फार्म देने से वंचित रह गए। छात्रों के भविष्य संकट की खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष निर्देश दिये। ऐसे में स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा छात्रों के लिए नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट परीक्षा फार्म को लेकर तिथि को विस्तार देते हुए 23 अप्रैल की गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा फार्म की तिथि को बढ़ाया गया है। ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरने के साथ ही छात्र लॉगिन के माध्यम से परीक्षा शुल्क भी जमा कर सकते हैं। भरे गये परीक्षाफार्म को सम्बन्धित संकायाध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

## एलयू में नौकरियों की बाढ़

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। जब देश में बेरोज़गारी एक मुख्य समस्या है तब एलयू में कुलपति के सशक्त दिशा निर्देशन में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के माध्यम से छात्रों के लिए मनचाही पसंद की सभी जॉब्स उपलब्ध है। जब बड़ी-बड़ी कंपनियां बड़े पैकेज देकर छात्रों को अपनी तरफ़ आकर्षित करती है तब छात्र बहुतायत में उपलब्ध अवसरों में जॉब लेने के लिए अपनी मन पसंद कंपनी का चयन करते हैं। उक्त बातें लविवि सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशिका डॉ.मधुरिमा लाल

ने कहीं। आकर्षण ये है कि निदेशिका सीपीसी मधुरिमा लाल बच्चों को घर बैठे-बैठे हंसते खेलते ये नौकरियां उपलब्ध करा देती है। वे स्वयं हर प्लेसमेंट ड्राइव के पहले छात्र की अचूक काउन्सलिंग कर इनको वही पर चंद मिंटो में उस जॉब के लिए तैयार कर देती है और छात्र चयनित हो जाता है। यही कारण की कई के पास कई नौकरियों का ऑफर रहता है। इसी कड़ी में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के माध्यम से इस सत्र में 100 से अधिक निरंतर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों का चयन हुआ। इसी में विश्वविद्यालय के तीन छात्रों ने अपने प्रतिष्ठित क्षेत्रों में कई नौकरी प्राप्त की है। यह तीनों छात्र अपने योग्यता और कौशल के साथ कंपनियों के ध्यान को आकर्षित कर रहे हैं। चयनित छात्रों में अक्षत राय, मोहित द्विवेदी और रचित बाजपाई ने प्रतिष्ठित बैंक में नियुक्ति प्राप्त की। डॉ.मधुरिमा लाल ने बताया कि सीपीसी किसी भी प्रकार का शुल्क छात्रों और कंपनियों नहीं से लेता है। ना ही कभी कंपनियों को यात्रा आवास काउंसलिंग अथवा किसी भी प्रकार का व्यय नहीं करके जीरो कॉस्ट पर इस सत्र में ही लगभग 2000 से अधिक नौकरियां दिलवाई। लविवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशिका डॉ.मधुरिमा लाल ने कहा कि कुलपति की प्रथम वरीयता छात्रों की अकादमिक उन्नति के साथ भविष्य की सुरक्षा के रूप में उनको नौकरी उपलब्ध कराने की है। इसी कारण उनके दिशानिर्देशन में नौकरियां दिलाने के हर सुविधा वरीयता पर उपलब्ध करायी जाती है और यही कारण है कि देश में सीपीसी नौकरी दिलाने में अग्रणी है। चयनित छात्रों को कुलपति ने बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दी।